अमर उजाला

Mirzapur News: नकली तेल बेचने के आरोप में तीन दुकानदार गिरफ्तार

मिर्जापुर। ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली बेचने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को तीन दुकानदारों को गिरफ्तार किया और उन्हें जेल भेज दिया। एएसपी सिटी ने बताया कि बहुचर्चित कंपनी के जांच टीम अधिकारी गोपी किशोर बेरा ने कटरा कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि जिले में कंपनी के नाम पर नकली फाॅर्च्यून ऑयल बेचा जा रहा है। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। कंपनी की टीम के साथ कटरा कोतवाली पुुलिस की टीम ने मुकेरी बाजार में छापेमारी की। यहां दीपक कुमार एंड अमित कुमार और गोपाल ट्रेडर्स नाम से संचालित दुकान से नकली तेल के नौ डिब्बे बरामद किए। इनमें 15-15 लीटर के तीन और दो-दो लीटर के छह सोयाबीन ऑयल के डिब्बे शामिल हैं। दुकान मालिक अमित जायसवाल और अक्षत जायसवाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। इसके बाद कंपनी की टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र से मनोज कुमार केशरवानी नाम से संचालित दुकान के मालिक मनोज कुमार केशरवानी निवासी वासलीगंज को गिरफ्तार किया। उनकी दुकान से 16 डिब्बे नकली सोयाबीन तेल बरामद हुए। एएसपी सिटी नितेश सिंह ने बताया कि कटरा और शहर कोतवाली क्षेत्र से नकली तेल बेचने के आरोपी तीनों दुकानदाराेंं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/mirzapur/three-shopkeepers-arrested-for-selling-fake-oil-mirzapur-news-c-192-1-svns1035-115780-2024-05-04